पैनी नजर आरबी एसोसिएट्स ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के सर्वेयर कर रहे गुणवत्ता की जांच

धान खरीदी केंद्रों पर शासन के नियमों का पालन

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। शासन के कड़े निर्देशों और पिछले वर्ष के अनुभवों को देखते हुए इस वर्ष पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन मुख्यालय भोपाल के निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित आर.बी. एसोसिएट्स ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नरसिंहपुर जिले में धान उपार्जन खरीदी की लगाम सौंपी गई है। कंपनी द्वारा भ्रष्टाचार को बंद करने के लिए सर्वेयर पद के लिए चयन प्रक्रिया को बड़ा ही सहज और सरल पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर किया गया है। जिसमें शासन की उपार्जन नीति में प्रदर्शित नियमों के अनुसार शिक्षा दक्षता, कार्य अनुभव के आधार पर सर्वेयरो का चयन कर अधिकृत सर्वेयर को कार्यालय जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड नरसिंहपुर के माध्यम से प्रत्येक धान उपार्जन केंद्र पर मुस्तैद किया गया हैं। जो शासन की नीति

अनुसार किसान द्वारा लाई गई उपज धान की नमी, सफाई और रंग की विधिवत जांच कर रहे हैं।

पारदर्शिता: धान की गुणवत्ता में बेहतर सुधार लाने के लिए मध्यप्रदेश शासन, खाद्य आपूर्ति अधिकारी और प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड के निर्देश अनुसार इस वर्ष भंडारण स्तरीय केंद्र पर दो सर्वेयरो की तैनाती की गई है जिससे धान उपार्जन के पश्चात भंडारण प्रक्रिया तक गुणवत्ता परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल गुणवत्तापूर्ण एफ.ए.क्यू. (स्वच्छ) स्तर की धान ही गोदामों तक पहुंचे, ताकि बाद में किसी भी प्रकार की रिजेक्शन की स्थिति न बने।

किसानों को सुविधा

अनुभवी एवं प्रशिक्षित सर्वेयरों द्वारा मौके पर ही फसल की गुणवत्ता जांच कर तुरन्त निर्णय लेने से खरीदी प्रक्रिया में तेजी आई है और विवाद की स्थितियां कम हुई हैं। किसानों को सुविधा को देखते हुए सर्वेयरों द्वारा FAQ मानक का सख्त पालन किया जा रहा है तकि पिछले वर्षों में गुणवत्ता को लेकर आई शिकायत इस बार ना दोहराई जा सके। सर्वेयरों धान में नमी (Moisture) की मात्रा 17% से अधिक नहीं होना, कचरा, मिट्टी और बदरा (खाली दाने) की मौजूदगी निर्धारित प्रतिशत से कम हो और सर्वेयर हर ढेर की जांच करने के बाद ही उसे पास कर रहे हैं। किसानों की सहूलियत के लिए बदलाव शासन के नए नियमों के अनुसार, यदि सर्वेयर किसी किसान की धान को स्पष्ट कारण बताकर %रिजेक्ट% करता है, तो केंद्रों पर ही किसानों को अपने उपज धान साफ करने के लिए पंखे और छरने उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि वे मौके पर ही सुधार कर मानक के अनुरूप धान बेच सकें।

करेली पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी

नवभारत/करेली। पुलिस ने अवैध शराब विक्रय के कारोबार में लिप्त 02 आरोपी थाना करेली पुलिस की गिरफ्त किया।(2200) पाव 396 लीटर अवैध देशी मदिरा मसाला की शराब जब्त की है। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया और एसडीओपी पुलिस मनोज गुप्ता के के नेतृत्व में नशे का कारोबार एवं अवैध शराब के विक्रय करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने का जिला अंतर्गत विशेष अभियान में जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब के कारोबार के विरुध्द अभियान के अंतर्गत थाना करेली पुलिस टीम को दिनांक 08 जनवरी को जुर्म जरायम अपराध पतारसी व पेट्रोलिंग के दौरान मुखविर ने आकर सूचना दिया कि एक थार गाडी जिसका नं. एम .पी. 04 सीपी. 9399 जो अवैध शराब लेकर गाडरवारा तरफ से नरसिहपुर तरफ आ रही है जिसकी सूचना की तस्दीक कर हमराह स्टाप व मोके के राहगीरे गबाहो को लेकर ड्रीम लैंड सिटी के सामने मैन रोड पर एक गाडी को देखना शुरू किया जो कुछ देर बाद गाडरवारा तरफ से मुखविर के बताये नं. की गाडी एमपी 04 सीपी 9399 आती दिखी जिसे हाथ देकर रोका तो थार गाडी का चालक थार गाडी को लेकर दाहिने मुडकर प्रस्तावित ड्रीम लैंड सिटी के अंदर की तरफ को गाडी लेकर भागा जिसका पीछा करने पर हमराह स्टाप व गबाहन की मदद से करीबन 200 मीटर के अंदर घेराबंदी कर ड्रीम लैंड सिटी के अंदर पकड़ा। थार चालक का नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम व पता सुरेन्द्र लोधी पिता भगवान सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी केरपानी थाना सुआतला हाल रेवानगर कालोनी नरसिहपुर (म.प्र.) व अन्य व्यक्ति ने अपना नाम सलीम खान पिता महबूब खान उम्र 22 साल निवासी मुशरान पार्क नरसिहपुर थाना कोतवाली जिला नरसिहपुर का बताया गया । गाडी के अंदर देखने पर थार गाड़ी में खाकी कलर के कार्टूनो मे शराब की पेटी रखी थी। जो दोनो के कब्जे से बरामद थार गाडी के अंदर 44 पेटी अवैध मदिरा मसाला के होना पाया गया जो 2200 पाव 396 लीटर अवैध मदिरा मसाला की शराब जब्त दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर थाना करेली में अपराध क्र. 27/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य भूमिका - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी करेली निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि विजय धुर्वे उनि रामरतन सोनी, सउनि संतलाल मरकाम, प्र. आर. सोमकुवर, प्र. आर. राजेश नंदा वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक आरक्षक सचिन पटेल, आर. कपिल राजपूत, अमित यादव, ब्रजेश दीक्षित, की मुख्य भूमिका रही।

केबिनेट मंत्री ने आमजनों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं

नवभारत/ गाडरवारा । क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप में क्षेत्रीय जनों की समस्याओं को बारीकी से सुना तथा उनका मौके पर ही निराकरण कराया द्य उन्होंने विकास कार्यो के संदर्भ में चर्चा करते हुए समीक्षा भी की । इस मौके पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मिनेन्द्र डागा, राव संदीप सिंह, सुनेंद्र साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अमला, भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

विधायक ने किया बरघाट मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। भगवान ब्रह्मा की तपस्थली बरमान घाट पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर मकर संक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेला परिसर की समुचित व्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने निरीक्षण करते हुए मेला समीति और जनपद पंचायत चांवरपाठा के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए विधायक ने कहा है कि मेला हमारी आस्था परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला भव्य सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से आयोजित हो। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

गए हैं। व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना है ।ताकि सभी को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा स्वच्छता यातायात व्यवस्था पेयजल एवं प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाएँ पूरी मुस्तैदी से उपलब्ध कराई जाएँ। यह मेला केवल व्यापार का नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का उत्सव है ।सभी व्यापारियों प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रवासियों से भी सहयोग की अपील करते हैं ताकि यह मेला सफल सुरक्षित और यादगार बन सके।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

गाडरवारा। स्थानीय इंदिरा कॉलोनी आजाद वार्ड में 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 22 जनवरी से 28 जनवरी तक किया जा रहा है जिसमें चार वेद, 18 पुराण एवं 108 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भागवत कथा एवं राम कथा का भव्य आयोजन शामिल होगा द्य इस यज्ञ में आचार्य श्री प्रदीप मणि जी वृंदावन धाम द्वारा भागवत कथा का वाचन एवं श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य जी महाराज एवं श्री संत विपिन बिहारी जी महाराज द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा द्य नगर में आयोजित होने वाले इस 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल



रही है तथा यज्ञ समिति पूरी मेहनत के साथ तैयारियों को आमलीजामा पहनाने में लगी हुई है द्य इस यज्ञ की शोभायात्रा 21 जनवरी को निकाली जाएगी द्य यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील समिति सदस्यों द्वारा की गई है।

एक नजर में

जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

नवभारत/नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर (नरसिंह भवन) के संपूर्ण परिसर को शांत क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। साथ ही जनसामान्य के हित/ जानमाल की सुरक्षा एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संस्था आदि किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली एवं कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व उसकी लिखित सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अनिवार्य रुप से देकर लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी। सूचना में धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, कार्यक्रम का रुट, स्थल एवं उसमें सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों/ वाहनों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अनिवार्य रुप से किया जाएगा, ताकि तदनुसार आवश्यक पुलिस व्यवस्था की जा सके। अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा जारी अनुमति में उपरोक्त तथ्यों का स्पष्ट रुप से समावेश किया जाएगा।

समस्त होटल, लॉज, होम स्टे, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में सघन चैकिंग

नवभारत/नरसिंहपुर। जिले में बरमान मेले एवं मकर संक्रांति के त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए होटल, लॉज एवं धर्मशालाओं की सघन चैकिंग व निगरानी के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश आगामी त्यौहारों/ व्हीआईपी भ्रमण/ सुरक्षा अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के अस्थायी निवास स्थलों पर सघन जांच किया जाना अपरिहार्य प्रतीत होता है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (1) के तहत जिले की सीमांतर्गत स्थित समस्त होटल, लॉज, होम स्टे, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पनारी में आयोजित हुआ नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

नवभारत/नरसिंहपुर। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में गुरूवार को शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पनारी में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को योग करने के लिए किया गया। साथ ही दिनचर्या व ऋतुचर्या की जानकारी दी गई। इस दौरान उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता की निःशुल्क जांच कर औषधियों का वितरण किया गया।

स्व . सुमन दुबे का निधन

करेली। नगर के वरिष्ठ एवं विद्वान आचार्य पंडित शशिकांत शास्त्री की धर्मपत्नी, विदित दुबे की माताजी, श्रीमती सुमन दुबे का स्वर्गवास विगत दिनांक 27 दिसंबर को हो गया था। जिन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने आज दिनांक 10 जनवरी शनिवार को गांधी भवन करेली में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया है।

पेंशनरों द्वारा सुंदरकांड पाठ आज

नवभारत/ गाडरवारा । एम पी ई बी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में पेंशनर समाज गाडरवारा द्वारा आज शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन शाम 4 बजे से एम पी ई बी कॉलोनी मंदिर में आशा शर्मा के सहयोग से किया जा रहा है द्य समस्त पेंशनर भाइयों और बहनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पाठ के आयोजन में सहभागी बने।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बांटे टिकट

नवभारत/ गाडरवारा। प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के विशेष प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के लगभग 45 महिला एवं पुरुष मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तिरुपति श्री कालहस्ती यात्रा पर 10 जनवरी से 16 जनवरी तक रवाना हो रहे हैं जिसकी टिकट आज सेवा सदन में नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा एवं पार्षद गणों की उपस्थिति में पात्र लोगों को वितरित की गई द्य टिकट मिलने पर इस योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थियों में खुशी देखी गई द्य यह यात्रा आज 10 जनवरी को रात्रि 11 बजे नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी द्य इस दौरान यात्रा पर जाने वाले सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी गई ।

रोटरी क्लब की नि :शुल्क फिजियोथैरेपी कार्यशाला 17 को

नवभारत/गाडरवारा। रोटरी क्लब द्वारा निशुल्क फिजियो थैरेपी एक दिवसीय कार्यशाला 17 जनवरी को आयोजित होगी । वर्तमान समय में दैनिक कार्यशैली के चलते मानव शारीरिक संरचना में ऐसी अनेक बीमारी व रोग उत्पन्न हो रहे हैं जिनका दवाईयां व सर्जरी के बजाये नियमित व्यायाम व खान पान से स्थाई सुधार किया जा सकता है आवश्यकता इस बात की है कि इसकी सही जानरारी व कार्यप्रणाली हो इसी आशय के उद्देश्य से रोटरी कलब गाडवारा द्वारा आगामी 17 जनवरी को शाम 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक विश्व प्रसिद्ध मिशन हैल्थ अहमदाबाद के संस्थापक व निर्देशक डॉक्टर आलाप शाह द्वारा अपनी टीम के साथ 1 दिवसीय फिजियो थैरेपी स्वास्थ कार्यशाला रोटरी क्लब गाडरवारा के माध्यम से सुखदेव भवन, हास्पिटल रोड% पर की जा रही है जिसमें फिजियो थैरेपी से संबंधित संपूर्ण जानकारी व उसके उपयोग व लाभान्वित पुर्नवास

विषय को प्रस्तुत किया जायेगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह , विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,समाजसेवी विनीत माहेश्वरी मुख्य वक्ता रोटे. मिनेन्द्र डागा (पूर्व असि. गर्वनर) , रोटे. अशोक राजपूत (असिस्टेंड गर्वनर) सहित रोटरी क्लब के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । रोटरी क्लब अध्यक्ष रो, सुरेंद्र साहू,, सचिव रो. मनोज वशा, कोषाध्यक्ष , रो. संजय गुप्ता, स्वास्थ्य समिति चेयरमेन रो. महेश रघुवंशी ने लोगो से फिजियोथैरेपी कार्यशाला वर्कशॉप में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है ।

कलेक्टर ने किया केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण

नवभारत/नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण बुधवार को किया। उन्होंने जेल में बंदी बैरिकों, जेल अस्पताल, भोजन व्यवस्था, बंदियों के कौशल उन्नयन के लिए संचालित कपड़ा उद्योग, लौह उद्योग, बड़ई कारखाना, पावरलूम, प्रिटिंग प्रेस, सिलाई कारखाना, शिक्षा सदन पाठशाला, लायब्रेरी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में परिरूद्ध बंदियों/ हवालातियों से चिकित्सा सुविधा, साफ- सफाई, भोजन, शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को अच्छे कार्यों एवं नया हुनर सीखने में अपना समय लगाने की सलाह दी, जिससे वे रिहा होने के पश्चात अच्छे सामाजिक नागरिक बनकर अपना जीवनयापन कर सकें और समाज में अच्छा स्थान पाकर पुर्नस्थापित हो सके। जेल में बंदियों के सुधार के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों के लिए जेल प्रशासन की सराहना कर जेल की साफ- सफाई एवं अनुशासन की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ठाकुर, उप जेल अधीक्षक नरेन्द्र कुमार व्यास, सहायक जेल अधीक्षक आशीष खरे सहित जेल के अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

रजनी सिंह द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

नरसिंहपुर जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं में पतंग उड़ाने में चायनीज मांजा का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया है। जिले में पतंग उड़ाने के लिए केवल सादा धागा ही विक्रय किया जावे। जिले में चायनीज मांजा/ कांच की परत वाला मांजा विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध आमजन के हित/ जानमाल की सुरक्षा के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रावधानों के तहत किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं पतंग बिक्री दुकानदारों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य युक्तियुक्त प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उल्लेखनीय है कि जिले में मकर संक्रांति के त्यौहार पर कुछ

समुदायों द्वारा पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। साथ ही बच्चों/ व्यक्तियों द्वारा पतंग उड़ाई जा रही है, जिसमें उपयोग किये जाने वाले धागे में मांजा का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पतंग के धागे से लोगों के हाथ एवं शरीर के अंगों के कट जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

करकबेल के पशुपालक विजय शुक्ला ने डेयरी को बना फायदे का सौदा

नवभारत/नरसिंहपुर। जिले की जनपद गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम करकबेल के प्रगतिशील पशुपालक श्री विजय शुक्ला ने अपनी मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से डेयरी फार्मिंग को एक सफल व्यवसाय का रूप दिया है। पशुपालक शुक्ला के डेयरी फार्म में 10 उन्नत मुर्रा नस्ल की भैंस, 14 संकर व भारतीय देशी नस्लों की गाएं हैं। उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के लिए मुर्रा नस्ल भैंस जानी जाती है, जो उनके डेयरी फार्म की मुख्य ताकत है। साथ ही भारतीय नस्लों के गोवंश के संरक्षण और संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। इससे 120 लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन कर उन्हें करीब 30 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त हो रही है। पशुपालक शुक्ला बताते हैं कि पशुपालन में आने वाली सबसे बड़ी समस्या हरे चारे की उपलब्धता होती है, वे स्वयं ही इस समस्या का समाधान करते हैं। उन्होंने अपने खेतों में उन्नत चारा फसलों का उत्पादन किया, जिससे उनके पशुओं को पौष्टिक और हरा चारा मिलता है। इसके अलावा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए वे संतुलित पशु आहार और मिनरल मिश्रण का नियमित उपयोग करते हैं।